हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस
वर्ष : 11 अंक : 67 देहरादून, सोमवार, 29 अगस्त, 2022 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



जमींदोज हुई भ्रष्टाचार की नींव पर खड़ी इमारत, चारों तरफ फैला धूल का गुबार 3

# सपने पूरे करने हैं तो विकल्प रहित संकल्प से आगे बढ़ना होगा : मुख्यमंत्री






**मो0 सलीम सैफ़ी की विशेष रिपोर्ट**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हरिद्वार, 28 अगस्त। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुग्गावाला, हरिद्वार में एम.बी. फूड्स द्वारा स्थापित फूड प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग प्लांट का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने फल सब्जी मशरूम आदि के प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग प्लांट का भी निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एम.बी. फूड्स द्वारा स्थापित प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग प्लांट के शुभारंभ पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में विकल्प रहित संकल्प के मंत्र लेते हुए अपने मंजिल की ओर बढ़ना चाहिए ताकि हम अपने सपनों को पूरा कर सकें।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा की बुग्गावाला क्षेत्र में 14 एकड़ पॉली हाउस के निर्माण से रोजगार जनित उद्योग लगाने से विकास की सामूहिक यात्रा तय होगी। इस प्लांट से आसपास के लोगों को रोजगार मिलेगा एवं प्लांट के माध्यम से क्षेत्र को नई पहचान मिलेगी। नेचर बेस्टो एवं एम बी फूड्स 150 से 200 परिवारों को रोजगार देकर भरण-पोषण में सहायता कर रहा है। उन्होंने बताया सरकार द्वारा One District One Product (ODOP) के तहत जिस प्रकार से हरिद्वार के लिए मशरूम का चयन किया गया है, उसी प्रकार से प्रदेश में अल्मोड़ा में खुबानी, बागेश्वर में कीवी, चम्पावत में तेजपत्ता एवं मसाले, चमोली में मछली, देहरादून में बेकरी, नैनीताल में आड़ू, पौड़ी में माल्टा, रूद्रप्रयाग में चौलाई, टिहरी में अदरक, उत्तराकाशी में सेब, ऊधम सिंह नगर में आम एवं पिथौरागढ़ में हल्दी के उत्पादन हेतु चयनित किया गया है, इस योजना के तहत प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण ईकाईयों हेतु 49 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृत कर दिये गये है। जिसके सापेक्ष 28 इकाईयां प्रदेश के अलग-अलग जनपदों में स्थापित हो गयी हैं। इनसे दूर दराज गांव में रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों की आय दुगनी करने का लक्ष्य लेकर किए गए प्रयासों एवं प्रदेश के विकास के लिए बढ़ते हुए कदमों में एक और कदम, एमबी फूड्स ने स्थापित किया है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना (PMEME) के तहत कई उद्यमों को खोला गया है जो कि सही मायने में नया भारत, समृद्ध, शक्तिशाली, आत्मनिर्भर, विकसित भारत की राह दिखा रहा है। उन्होंने कहा उत्तराखंड प्रदेश में कृषि उत्पादों के बेहतर प्रसंस्करण की अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश के उद्यान विभाग द्वारा एमबी फूड्स को मशरुम इकाई स्थापना हेतु हार्टिकल्चर मिशन ऑफ नार्थ-ईष्ट हिमालियाज (HMNEH) योजना अंतर्गत 40% अनुदान उपलब्ध करवाया गया तथा, सरकार द्वारा राज्य सेक्टर योजना अंतर्गत पुराने पॉली हाउस की पॉलिथीन बदलाव योजना में भी 50% अनुदान दिया गया एवं पूर्व में हार्टिकल्चर मिशन ऑफ नार्थ-ईष्ट हिमालियाज (HMNEH) योजना अंतर्गत 50% अनुदान पर पॉली हाउस निर्माण एवं जरबेरा पुष्प उत्पादन हेतु भी अनुदान दिया गया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कोरोना काल में कोई परिवार भूखा न सोए इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 80 करोड लोगों को मुफ्त में राशन देने का कार्य किया गया। उन्होंने कहा कोरोना काल जैसे संकट में भी देश का विकास नहीं रुका एवं विकास की योजनाएं निरंतर चलती रही। कोरोना काल के बाद मेगा वैक्सीनेशन का कार्य भारत वर्ष में चलाया गया, साथ ही मानवता का परिचय देते हुए दुनिया भर में भारत द्वारा वैक्सीन बांटने का कार्य किया गया। भारत ने हमेशा से सभी के सुख और कल्याण की कामना करते हुए सर्वे भवंतु सुखिन, सर्वे संतु निरामया की भावना का संदेश दिया।

उत्तराखंड राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उत्तराखंड को प्रत्येक क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाए जाने, एवं आत्मनिर्भर उत्तराखंड बनाए जाने की बात कही। उन्होंने कहा आने वाले समय में हम मुख्यमंत्री मशरूम विकास योजना को भी लागू करेंगे। जिससे 25 हज़ार लोग लाभान्वित होंगे।

इस दौरान केबिनेट मंत्री गणेश जोशी, केबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक,विधायक श्रीमती सविता कपूर, विधायक मुन्ना सिंह चौहान, विधायक प्रदीप बत्रा , विधायक रवि बहादुर , जिला पंचायत अध्यक्ष देहरादून श्रीमती मधु चौहान, पूर्व विधायक सुरेश राठौर, मनमोहन भारद्वाज, अश्वनी शर्मा एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## छह जिलों में मिले 45 नए संक्रमित, 804 पहुंची सक्रिय मरीजों की संख्या

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 28 अगस्त। उत्तराखंड में बीते 24 घंटे के भीतर छह जिलों में 45 नए संक्रमित मिले हैं। जबकि 43 मरीज ठीक हुए हैं। रविवार को एक भी संक्रमित मरीज की मौत नहीं हुई है। वहीं, सक्रिय मरीजों की संख्या भी घट रही है। फिलहाल प्रदेश में 804 सक्रिय मरीजों का इलाज चल रहा है।

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक रविवार को 1008 सैंपलों की जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है। वहीं, सामने आए 45 मामलों में सर्वाधिक 29 मामले देहरादून जिले के हैं। हरिद्वार में पांच, अल्मोड़ा में एक, नैनीताल-पिथौरागढ़ में तीन-तीन व ऊधमसिंह नगर में चार संक्रमित मामले सामने आए हैं।



वहीं, बागेश्वर, चमोली, चंपावत, पौड़ी, रुद्रप्रयाग, टिहरी और उत्तरकाशी में एक भी संक्रमित मरीज नहीं मिला है। साथ ही प्रदेश की रिकवरी दर 95.30 प्रतिशत और संक्रमण दर घटकर 4.27% प्रतिशत दर्ज की गई।

## श्रद्धालुओं से भरी ट्रॉली पलटने से छह की मौत, 40 लोग घायल

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

रुद्रपुर, 28 अगस्त। धार्मिक स्थल के दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं की ट्रैक्टर-ट्रॉली को रविवार सुबह कंटेनर ने टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार दो महिलाओं समेत छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई जबकि 40 श्रद्धालु घायल हो गए। यूपी और उत्तराखंड पुलिस ने घायलों को किच्छा और बहेड़ी अस्पताल पहुंचाया। किच्छा अस्पताल से सभी 25 श्रद्धालुओं को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। हादसे के बाद चालक कंटेनर को छोड़कर फरार हो गया।

रविवार की सुबह बसगर शक्तिफार्म गांव के 50 से अधिक ग्रामीण ट्रैक्टर-ट्रॉली से उत्तमनगर (बहेड़ी, यूपी) गुरुद्वारे के लिए निकले थे। करीब नौ बजे सिरसा मोड़ पर पहुंचने पर चालक ने जैसे ही ट्रैक्टर-ट्रॉली को एनएच-74 पर क्रॉसिंग से मोड़ा तो किच्छा से सितारगंज की तरफ जा रहे कंटेनर (एनएल 01 एई 2767) ने ट्रॉली को टक्कर मार दी।

हादसा यूपी के बहेड़ी थाना क्षेत्र की सीमा में होने के चलते वहां स्थित चौकी की पुलिस मौके पर पहुंच गई। उत्तराखंड के पुलभट्टा थाना क्षेत्र की बरा चौकी से भी पुलिस कर्मी रवाना हुए। दोनों राज्यों की पुलिस ने घायलों को आपातकालीन 108 एंबुलेंस सेवा व अन्य निजी वाहनों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किच्छा व बहेड़ी सरकारी अस्पताल पहुंचाया।

**संबंधित खबर पेज 2 पर**

# सड़क हादसे में घायलों की मदद करने वालों को उत्तराखण्ड पुलिस देगी ईनाम

**आशीष तिवारी की रिपोर्ट**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 28 अगस्त। संवेदनशील और सामाजिक समस्याओं पर प्रभावशाली पहल करने वाले उत्तराखंड के डीजीपी अशोक कुमार की अनोखी योजना कमाल की है जिसमें इंसानियत की अपील भी है और फायदे की बात भी । डीजीपी ने बताया कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि में कमी लाये जाने के उद्देश्य से Good Samaritans Scheme प्रारम्भ की गयी है, जिसमें सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की सहायता करने वाले अच्छे व्यक्ति/व्यक्तियों ( Good Samaritans ) को पुरस्कृत किया जाता है।




इसी क्रम में प्रदेश में भी विभागीय Good Samaritans पुरस्कार योजना प्रारम्भ की गयी है, जिसके अन्तर्गत यदि कोई व्यक्ति निम्नलिखित कार्यों में से कोई कार्य करता है, तो उत्तराखण्ड पुलिस उसे नगद ईनाम और प्रशंसा पत्र प्रदान करेगी।

1. सड़क दुर्घटना में किसी व्यक्ति को प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करना।
2. सड़क दुर्घटना के शिकार व्यक्ति/व्यक्तियों का राहत एवं बचाव कार्य कर समय से अस्पताल पहुँचाना।
3. सड़क दुर्घटना में घायल/ चोटिल व्यक्ति को एम्बुलेंस की उपलब्धता न होने की स्थिति में निजी वाहन से अस्पताल पहुँचाना ।
4. सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को आवश्यकता पड़ने पर रक्तदान करना या रक्तदान का प्रचार-प्रसार कर सम्बन्धित ब्लड ग्रुप वाले रक्तदाता (क्वदवत) की व्यवस्था करना।
5. दुर्घटना में घायल व्यक्ति की आर्थिक रूप से सहायता करना आदि।
6. सड़क दुर्घटना की रोकथाम के प्रयास में प्रभावी सहायता/योगदान उपलब्ध कराना।
7. Good Samaritans के सम्बन्ध में विज्ञापन, सोशल मीडिया, प्रिन्ट मीडिया आदि में व्यापक प्रचार- प्रसार करना। (बिन्दु संख्या 6 एवं 7 में वर्णित पुरस्कार अधिकतम 10 प्रतिशत ही होंगे)

**Good Samaritans पुरस्कार योजना को राज्य में तीन स्तरों पर प्रदान किया जायेगा-**

1. पुलिस मुख्यालय स्तर पर पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड द्वारा- प्रथम पुरस्कार 25,000 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 10,000 रूपये और तृतीय पुरस्कार 5,000 रूपये तक की धनराशि।
2. यातायात निदेशालय स्तर पर यातायात निदेशक द्वारा, प्रथम पुरस्कार 5,000 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 3,000 रूपये और तृतीय पुरस्कार 2,000 रूपये तक की धनराशि।
3. जनपद स्तर पर वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रथम पुरस्कार 3,000, द्वितीय पुरस्कार 2,000 रूपये और तृतीय पुरस्कार-1,000 रूपये तक की धनराशि।

Good Samaritans (मददगार व्यक्ति) द्वारा सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति/व्यक्तियों के सहायता के सम्बन्ध मे किये गये कार्य के लिए पुरस्कार प्राप्ति हेतु आवेदन निर्धारित प्रारूप में सीधे पुलिस मुख्यालय, जनपद के यातायात कार्यालय/ क्षेत्राधिकारी यातायात कार्यालय/ पुलिस अधीक्षक यातायात कार्यालय/ वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक कार्यालय/ यातायात निदेशालय को व्हाट्सएप, ई-मेल, सोशल मीडिया, डाक अथवा स्वयं आकर दे सकते हैं। पीड़ित की सहायता से सम्बन्धित तथ्य पेपर कटिंग, सोशल मीडिया स्क्रीन शॉट, फोटो वीडियो आदि (यदि उपलब्ध हो तो) भी प्रस्तुत कर सकते हैं।

डीजीपी अशोक कुमार ने बताया कि इस योजना का मकसद सड़क दुर्घटना में सड़क पर पड़े गंभीर घायलों की अनदेखी करने के बजाए आम नागरिक उनको नजदीकी अस्पताल तक पहुंचाने के लिए प्रेरित करना है। यह योजना सड़क हादसों में घायल होने वाले लोगों की जान बचाने के लिए मील का पत्थर साबित होगी। लोगों को प्रोत्साहन मिलेगा और ज्यादा से ज्यादा लोग इस काम में सम्मिलित होंगे।*

# किच्छा-सितारगंज मार्ग में ट्रैक्टर ट्राली दुर्घटना पर डीएम युगल किशोर ने सम्हाला राहत कार्य



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

रुद्रपुर, 28 अगस्त। रविवार की पूर्वाहन लगभग 11 बजे किच्छा-सितारगंज मार्ग में सिरसा मोड़ के पास ट्रैक्टर ट्राली के दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना ग्रस्त होने की सूचना पर जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने राहत एवं बचाव कार्य के लिए स्वयं कमान संभाली। उन्होने बताया कि रविवार को बसगर शक्तिफार्म निवासी लगभग 40 श्रद्धालुओं का एक जत्था टैaक्टर-ट्रॉली से उत्तम नगर गुरूद्वारा जा रहा था। जिसको किच्छा-सितारगंज मार्ग में सिरसा मोड़ पर एक कैन्टर (छस्01. ।म्.2767) ने टक्कर मार दी। जिसमें 6 लोगों की मृत्यु हो गई एवं 34 लोग घायल हो गये।




जिलाधिकारी ने स्थानीय अधिकारियों के साथ ही स्वास्थ्य विभाग को पूरी तरह से मुस्तैद रहते हुए स्वास्थ्य उपचार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी स्वयं जिला चिकित्सालय पहुंचकर घायलों को उपचार हेतु किए जा रहे प्रयासों की स्वयं मॉनिटरिंग करते रहे। उन्होने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि घायलों को समुचित उपचार मिले तथा उपचार के अभाव में किसी भी प्रकार की कोई अनहोनी ना हो इसके लिए सभी चिकित्सक पूरी तन्मयता से जुटे रहें। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति निजी अस्पतालों में इलाज करा रहा है उनके इलाज पर भी स्वास्थ्य विभाग पैनी नजर बनाए रखें तथा स्थानीय प्रशासन भी समय-समय पर घायलों की स्थिति की जानकारी प्राप्त करता रहे। उन्होने बताया कि जिला चिकित्सालय से तीन घायलों को मेडिसिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जिलाधिकारी ने इस दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति तथा अपने श्री चरणों में स्थान देने की कामना की।

जिलाधिकारी ने शोकाकुल परिवार जनों को दुख एवं संवेदना की इस घड़ी को सहन करने की असीम शक्ति प्रदान करने की कामना की। उन्होने उपचार कराए जा रहे घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ एवं उनके स्वास्थ्य मंगल की कामना भी की।

जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार इस सड़क दुर्घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश भी दे दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने मजिस्ट्रेट जांच हेतु उप जिलाधिकारी सितारगंज को जांच अधिकारी नामित किया है। उक्त दुर्घटना में बसगर (शक्तिफार्म) निवासी सुमन कौर पुत्री भजन सिंह आयु 15 वर्ष, गुरूनामोबाई पत्नी सोहन सिंह आयु 30 वर्ष, आकाश पुत्र गुरूमेज सिंह आयु 08 वर्ष, राजा पुत्र विक्रम सिंह आयु 06 वर्ष, जस्सी पत्नी सुखविन्दर आयु 35 वर्ष एवं भजन सिंह पुत्र गजन सिंह आयु 32 वर्ष की मृत्यु हो गई।

# बख्शे नहीं जाएंगे गुनाहगार चाहे जो हों : मुख्यमंत्री

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




देहरादून, 28 अगस्त। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की भर्तियों में आ रही गड़बड़ी की शिकायतों पर मीडिया से अनोपचारिक वार्ता करते हुए कहा कि यह बहुत ही गंभीर विषय है तथा हमारे प्रदेश के सभी नौजवानों के रोजगार से जुड़ा मामला है।

अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की भर्तियों में जहां भी गड़बड़ी की शिकायत प्राप्त हो रही है वहां हमने सख्त जांच के आदेश दे दिये हैं। कुछ मामले एसटीएफ को दिये गये हैं एवं कुछ पर विजिलेंस को नियुक्त किया गया है। सभी मामलों पर कार्यवाही चल रही है जिसका परिणाम आप सभी के सामने आ भी रहा है कि अभी तक कुल 27 गिरफ्तारी हो चुकी हैं।

उन्होंने कहा कि भर्ती घोटालों में किसी को भी नही बख्शा जायेगा, चाहे किसी के हाथ कितने भी लम्बे क्यों न हो कानून द्वारा अपना काम किया जायेगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे हम आगे के लिये भी एक नजीर बनाना चाहते हैं जिससे इस घटना की पुनरावृत्ति न हो क्योंकि हमें अपने बेटे-बेटियों के आज और कल की चिंता है, उनके वर्तमान एवं भविष्य का सवाल है। हमें प्रदेश में भर्ती प्रक्रियाओं का ऐसा सिस्टम बनाना होगा कि आगे भविष्य में कोई इस तरह का कृत्य करने की सोच भी न सके। लगातार जांचे चल रही है जिसके परिणाम धीरे-धीरे आप सभी के समक्ष आते जा रहे हैं।विधानसभा में नियुक्तियों में गड़बड़ी की आ रही शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा एक संवैधानिक संस्था है, और हम विधानसभा अध्यक्षा से अनुरोध करेंगे कि विधानसभा में जितनी भी भर्तियां हुई है जिनमें शिकायत आ रही है, वो नियुक्ति चाहे किसी भी कालखण्ड की हो उनमें निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। विधानसभा अध्यक्षा द्वारा जांच कि विषय में राज्य सरकार से जो भी सहयोग मांगा जायेगा वह दिया जायेगा।

# पेपर लीक मामले में चंदौली का नकल माफिया गिरफ्तार

## 35 अभ्यर्थियों को याद कराए थे प्रश्नों के उत्तर



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 28 अगस्त। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की स्नातक स्तरीय परीक्षा के पेपर लीक मामले में एसटीएफ ने उत्तर प्रदेश के एक और नकल माफिया को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने नैनीताल के एक रिजॉर्ट में 35 अभ्यर्थियों को प्रश्नों के उत्तर याद कराए थे। एसटीएफ ने इन छात्रों को चिह्नित कर लिया है। आरोपी के खिलाफ वर्ष 2013 में सीटीईटी परीक्षा में नकल कराने के मामले में भी हल्द्वानी में मुकदमा दर्ज है।

पेपर लीक मामले में मास्टरमाइंड आरएमएस टेक्नो सॉल्यूशन लिमिटेड के मालिक राजेश चौहान की गिरफ्तारी के बाद एक और नकल माफिया शशिकांत निवासी चंदौली, उत्तर प्रदेश, हाल निवासी हल्द्वानी एसटीएफ के हत्थे चढ़ गया। मामले में यह 27वीं गिरफ्तारी है। एसटीएफ के एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि आरोपी ने नैनीताल स्थित एक रिजॉर्ट में 35 अभ्यर्थियों को नकल कराई थी।

पास ही स्थित एक और रिजॉर्ट में कुछ अभ्यर्थियों को प्रश्नों के उत्तर याद कराए गए थे। एसटीएफ रिजॉर्ट से रिकॉर्ड लेकर परीक्षण कर रही है। इनमें से कई अभ्यर्थी परीक्षा पास नहीं कर पाए। उनको भी एसटीएफ चिह्नित कर रही है। आरोपी से पूछताछ अन्य रिजॉर्ट के बारे में भी जानकारी मिली है। एसएसपी ने बताया कि फिलहाल 35 छात्रों को चिह्नित किया गया है, लेकिन छात्रों की संख्या 60 से अधिक पहुंच सकती है।

शशिकांत ने उत्तराखंड के हल्द्वानी, अल्मोड़ा, चंपावत और पिथौरागढ़ में चार ऑनलाइन परीक्षा केंद्र खोले गए हैं। एसटीएफ के मुताबिक, इन परीक्षा केंद्रों पर 40 से अधिक ऑनलाइन परीक्षाएं कराई जा चुकी हैं।

# प्रदेश में हुए भर्ती घोटालों पर कांग्रेस का प्रदेश व्यापी आंदोलन 30 अगस्त से : धस्माना

## हाई कोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में हो सीबीआई की जांच

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



**प्रदेश के हर कोने में होगा जबरदस्त आंदोलन**

देहरादून, 28 अगस्त। उत्तराखंड में अलग अलग विभागों में हुई भर्तियों में धांधली के मामले जिस प्रकार से खुल रहे हैं इनकी जांच किसी एसटीएफ के भरोसे अंजाम तक नहीं पहुंच सकती इसलिए कांग्रेस पार्टी राज्य में अधीनस्थ सेवा चयन आयोग समेत सभी संदिग्ध भर्तियों की जांच सीबीआई से हाई कोर्ट नैनीताल के सिटिंग जज की निगरानी में करवाने की सिफारिश तत्काल केंद्र सरकार से करे यह मांग पार्टी की ओर से उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकान्त धस्माना ने प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में की।

उन्होंने कहा कि आज राज्य के वो सभी लोग जिन्होंने उत्तराखंड राज्य के गठन के लिए संघर्ष इस सपने के साथ किया था कि पृथक राज्य बन जाने के बाद उत्तराखंड के नौनिहालों को अपने ही राज्य में रोजगार मिलेगा और उनको नौकरी के लिए अपने बूढे माँ-बाप को छोड़ कर पलायन नहीं करना पड़ेगा अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। श्री धस्माना ने कहा कि सबसे बड़े अफसोस कि बात तो ये है कि राज्य के विभिन्न विभागों से होता हुआ भर्ती घोटाला राज्य की सबसे बड़ी पंचायत विधानसभा के भीतर प्रवेश कर गया जहां राज्य की जनता द्वारा निर्वाचित कर भेजे गए कानून बनाने वाले बैठ कर प्रदेश की जनता के भाग्य का फैसला करते हैं।

सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि प्रदेश के नौजवानों के अंदर भारी आक्रोश है कि इनके हिस्से की नौकरियां उन लोगों के हिस्से में चली गईं जिनकी जेबें भारी थी या वे किसी नेता मंत्री या मुख्यमंत्री के नजदीकी हैं या रिश्तेदार हैं। धस्माना ने कहा कि उत्तराखंड में चल रहे इस भर्ती महा घोटालों का कांग्रेस नेतृत्व ने संज्ञान लिया है और श्री राहुल गांधी के बयान का ही असर है कि अब मुख्यमंत्री ने विधानसभा में हुई सभी कालखंडों में हुई नियुक्तियों की जांच की बात कही है।

सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि कांग्रेस सभी भर्ती घोटालों की जांच हाई कोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में सीबीआई से करवाने की अपनी मांग को लेकर आगामी 30 अगस्त से राज्य व्यापी आंदोलन शुरू करने जा रही है। उन्होंने कहा कि 30 अगस्त को पूरे प्रदेश में सभी जिला महानगरों में राज्य सरकार का पुतला दहन किया जाएगा व तत्पश्चात प्रदेश के हर ब्लॉक में धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# जमींदोज हुई भ्रष्टाचार की नींव पर खड़ी इमारत, चारों तरफ फैला धूल का गुबार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



लखनऊ, 28 अगस्त। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर नोएडा के सुपरटेक ट्विन टावर को धराशायी कर उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने भ्रष्टाचार के ताबूत में आखिरी कील ठोंकने का काम किया है। सपा शासनकाल के दौरान हुए इस बहुचर्चित कारनामे पर योगी सरकार ने न सिर्फ तगड़ी चोट की है, बल्कि यह संदेश भी दिया है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति पर अमल के लिए वह कड़े से कड़े कदम उठा सकती है।

सपा शासनकाल में सत्ता संरक्षित बिल्डरों और अधिकारियों के गठजोड़ से भ्रष्टाचार की नींव पर खड़े किये गए ट्विन टावर को शीर्ष अदालत के निर्देश पर जमींदोज करते हुए सरकार ने भ्रष्टाचारियों के मंसूबों पर भी तगड़ा हथौड़ा चलाया है, जिसकी गूंज लंबे समय तक सुनाई देती रहेगी। इस मामले में सरकार के निशाने पर नोएडा प्राधिकरण के कई बड़े तत्कालीन अधिकारी और बिल्डर शामिल हैं, जिनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की तैयारी है। कुतुब मीनार से उंचे इन टावर को जमींदोज करने के बाद जिन 32 लोगों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की तैयारी है, उनमें नोएडा प्राधिकरण के दो पूर्व सीईओ भी शामिल हैं। इसके अलावा कई तत्कालीन बड़े अफसर, सुपरटेक कंपनी के दो डायरेक्टर और आर्किटेक्ट भी सरकार की रडार पर हैं।

कुल मिलाकर इसमें 26 तत्कालीन अधिकारी, सुपरटेक कंपनी के चार अधिकारी और आर्किटेक्ट फर्म के दो अधिकारियों के नाम शामिल हैं। इन सभी के खिलाफ योगी सरकार की ओर से जांच के बाद एफआइआर पहले ही दर्ज कराई जा चुकी है।

योगी सरकार के दोनों उप मुख्यमंत्रियों केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने इस मामले में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधा है। केशव ने कहा कि 'नोएडा का सुपरटेक ट्विन टावर अखिलेश यादव और सपा के शासनकाल के भ्रष्टाचार और अराजकता की नीति का जीवंत प्रमाण है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने सपा के भ्रष्टाचार की इमारत को ढहा दिया है।

यही न्याय और सुशासन है। यह इस बात का भी संदेश है कि भ्रष्टाचार और सत्ता के संरक्षण के आधार पर इस तरह के टावर बनाये जा सकते हैं तो वे गिराये भी जा सकते हैं। जो भी जांच के दायरे में होगा, चाहे वह अधिकारी हो या बिल्डर, उन पर कार्रवाई तो होगी ही।

वहीं ब्रजेश पाठक ने कहा कि 'भ्रष्टाचार पर भाजपा का प्रहार जारी है। सपा सरकार के संरक्षण में नोएडा में भ्रष्टाचारियों द्वारा बनायी गई कुतुब मीनार से भी ऊंची भ्रष्टाचार की इमारत नौ सेकेंड में जमींदोज कर दी गई।'

अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने कहा कि 'यह ध्वस्तीकरण एक मील का पत्थर होगा यह दिखाने के लिए अंततः अवैध कारनामे कानून की गिरफ्त में आ ही जाते हैं।

चाहे जितना बड़ा आदमी हो, सार्वजनिक क्षेत्र में भ्रष्टाचार और गैर कानूनी गतिविधियों के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति को लेकर सरकार गंभीर ही नहीं, सख्त भी है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा सहित पूरे प्रदेश में एक संदेश गया है कि अगर कहीं अवैध निर्माण होगा तो उसका हश्र भी ऐसा ही होगा।'

# भर्ती कांड पर महिला कांग्रेस का विधानसभा पंर हंगामा, ज्योति रौतेला ने लगाए आरोप




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 28 अगस्त। प्रदेश महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में प्रदेश महिला कांग्रेस पदाधिकारियों नें विधानसभा में हुयी बैक डोर भर्ती का विरोध करते हुए विधानसभा के मुख्य द्वार पर सरकार का पुतला दहन करते हुए जमकर नारेबाजी की।

उन्होनें कहा की उत्तराखण्ड की जनता नें आशा और विश्वास के साथ भाजपा को भारी बहुमत के साथ प्रदेष की सत्ता की कमान सौंपी थी परंतु भय भ्रष्टाचार मुक्त का दावा करनें वाली सरकार अपनें चहेतों को लाभ पहुंचानें के लिए इस तरह के कृत्यों को अंजाम दे रही है।

उत्तराखण्ड की डबल इंजन सरकार भ्रष्टाचार रोकनें मे पूरी तरह से विफल साबित हुयी है।राज्य सरकार नौजवानों को रोजगार मुहया कराना तो दूर जिन सरकारी पदों पर भर्तियां की गयी हैं उनमें भारी भ्रष्टाचार तथा भाई भतीजावाद को अंजाम दिया गया है।

उन्होनें यह भी कहा की राज्य के सहकारिता विभाग में विभिन्न पदों पर हुई भर्तियों में भ्रष्टाचार एवं अनियमितता तथा भाई भतीजावाद की पहले ही पोल खुल चुकी है सहकारी बैंकों में 61 पदों पर हुई भर्तियों में बैंक अध्यक्ष सचिव तथा अधिकारियों पर मिलीभगत कर अपने रिश्तेदारों चहेतों को रेवड़ी बांटने के आरोपों से ऐसा प्रतीत होता है कि सहकारिता विभाग में भर्ती घोटाले को राज्य सरकार की छत्रछाया में अंजाम दिया गया हैउन्होनें कहा रोजगार के वायदे के साथ सत्ता में आयी भारतीय जनता पार्टी नें उत्तराखण्ड के नौजवानें से छल करनें का काम किया तथा देवभूमि को कलंकित करनें का काम किया है, प्रदेष का युवा खुद को ठगा सा महसूस कर रहा है जिस तरह से विधानसभा में बैक डोर से नियुक्तियां हुयी हैं यह कहीं ना कहीं प्रदेष में अन्य भर्ती पदों पर हुए भ्रष्टाचार को भी उजागर करता है।उन्होनें मांग कर कहा की यदी विधानसभा में बैकडोर से हुयी नियुक्तीयों की निष्पक्ष जांच एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाही नहीं की जाती है तो प्रदेश महिला कांग्रेस आगे उग्र आंदोलन करेगी।इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष आशा मनोरमा डोबरियाल शर्मा, राधिका षर्मा, चन्द्रकला नेगी, पुष्पा पंवार, अनुराधा तिवारी, रेखा ढिंगरा, सुशीला बेलवाल शर्मा, शशीबाला, सर्वेश्वरी, शशी सेमवाल, लक्ष्मी देवी, मंजू चौहान, अंजू भारती, गायत्री, ममता शाह, बाला शर्मा आदी मौजूद रहीं।






# मुख्यमंत्री धामी ने लांच किया पहाड़ी गमछा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 28 अगस्त। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हिमालयन सेंटर द्वारा तैयार किये गये पहाड़ी गमछे का लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्रह्मकमल टोपी के बाद पहाड़ी गमछा भी राज्य की पहचान बनेगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय परिवेश और शैली के साथ समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को पहचान बनाने के प्रयासों से राज्य को भी पहचान मिलती है। इस अवसर पर हिमालयन सेंटर के संस्थापक एवं सीईओ समीर शुक्ला ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका प्रयास विभिन्न प्रांतों की भांति उत्तराखण्ड के अंगवस्त्रों को भी पहचान दिलाना है।




# महिला आयोग ने एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की बैठक ली

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ऋषिकेश, 28 अगस्त। राज्य महिला आयोग उत्तराखंड द्वारा ऋषिकेश में जनपद देहरादून हरिद्वार टिहरी पौड़ी के अधिकारियों व एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के कर्मचारियों के साथ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, इस कार्यशाला में AHTU देहरादून द्वारा एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग क्षेत्र में किए जा रहे जनपद देहरादून के कार्यों के बारे में राज्य महिला आयोग को अवगत कराया व प्रभावी रोकथाम हेतु अपने स्तर से सुझाव दिए गए इस कार्यशाला में अध्यक्षा राज्य महिला आयोग कुसुम कंडवाल उपस्थित रही।

# स्मार्ट इंडियन अचीवर्स अवार्ड 2022 में मंत्री जोशी ने हस्तियों को किया सम्मानित




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 28 अगस्त। प्रदेश के कृषि, कृषक कल्याण एवं सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने इंटेलेक्चुअल पीपल अचीवमेंट फेडरेशन और वरदान संस्था के संयुक्त तत्वावधान में पहले स्मार्ट इंडियन अचीवर्स अवार्ड 2022 के आयोजन कार्यक्रम में अवार्ड देकर विशेष हस्तियों को सम्मानित किया।

इस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने समाज में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगो को सम्मानित किया। इसके अलावा प्रदेश की दो महान शख्सियतों को स्वास्थ्य शिक्षा व समाज सेवा के क्षेत्र में अतुलनीय और सर्वोत्कृष्ट योगदान के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

इसके साथ ही कोरोना जैसी भयंकर महामारी के दौरान लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं व अन्य प्रकार की सहायता देने के लिए कोरोना हीरो कोरोना वॉरियर्स सम्मान भी प्रदान किया। साथ ही कला व लोक संस्कृति, स्वास्थ्य, स्वरोजगार, उद्यमिता, उद्योग, शिक्षा,उत्तराखंड स्थानीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहचान दिलाने के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया है। वहीं इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के लिए काम करने वाले लोगों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी होती रहे। ताकि जरूरतमंदों और अभावग्रस्तों के जीवन में सामाजिक सहभागिता से उम्मीद की रोशनी भरी जा सके। मंत्री जोशी ने आयोजको का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों को प्रोत्साहित करना चाहिए।जिससे समाज में लोगों को प्रेरणा मिल सके।



## स्मार्ट इंडियन अचीवर्स अवॉर्ड- 2022 में अलग-अलग श्रेणियों के अवॉर्डीस

शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों व उपलब्धियों के लिए
**श्री महंत देवेंद्र दास जी महाराज**

एक्सीलेंस इन फोक परफार्मिंग आर्ट्स ( लोक संस्कृति का व्यापक प्रचार प्रसार कर उसके संरक्षण व संवर्धन के लिए)
**गढ़गौरव नरेंद्र सिंह नेगी जी**

ग्लोरी ऑफ इंडिया अवॉर्ड
**डॉ. महेश कुडियाल जी,** वरिष्ठ न्यूरो सर्जन, सीएमआई अस्पताल

कोरोना हीरो अवॉर्ड ( कोरोना काल में किए गए उत्कृष्ट कार्यो के लिए, जिससे इस भयंकर महामारी से लड़ना संभव हो पाया) **डॉ. आशुतोष सयाना,** प्राचार्य, दून मेडिकल कॉलेजताजबर सिंह, ड्रग कंट्रोलर, उत्तराखंड

एक्सीलेंस इन पब्लिक हेल्थ अवॉर्ड (उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं के लिए)
**डॉ. विपुल कंडवाल ,** चेयरमैन, आरोग्यधाम अस्पताल

एक्सीलेंस इन सीएसआर अवॉर्ड ( कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) के उपयोग से मानव मात्र की सेवा के लिए)

ऑयल एंड नेचरल गैस कॉर्पोरेशन (ओएनजीसी) के महाप्रबंधक **सीएसआर रामराज द्विवेदी व ललित मोहन लखेड़ा**

एम्पावर्ड वूमन अवॉर्ड- **श्रीमती देवकी देवी** , कुमाऊं नमकीन, पिथौरागढ़

वोकल फ़ॉर लोकल अवॉर्ड ( स्थानीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहचान दिलाने के लिए) **खीम सिंह, मोहन सिंह रौतेला,** बाल मिठाई, अल्मोड़ा

एडुकेशनिस्ट ऑफ द ईयर अवॉर्डस्कूल एडुकेशन- **डीएस मान**

हायर एडुकेशन- **डॉ. उदय सिंह रावत** जी, कुलपति, एसजीआरआर विश्वविद्यालयमेडिकल व इंजीनियरिंग एडुकेशन- **डीके मिश्रा ,** चेयरमैन, अविरल क्लासेसडिफेंस एडुकेशन- **संदीप गुप्ता जी,** चेयरमैन, दून डिफेंस एकेडमी

एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर अवॉर्ड
**श्रीमती शिल्पा भट्ट बहुगुणा,** चेयरमैन पिज़्ज़ा इटालिया चैन ऑफ रेस्त्रां

इंडसट्रिलिस्ट ऑफ द ईयर अवॉर्ड- **मनीष तायल** , चेयरमैन, **श्री दुर्गा लोहा**

सोशल हीरो अवॉर्ड- **जागृति नवानी,** रोटरी क्लब

लाइफ चेंजर इन्नोवेटर अवॉर्ड- **रजत जैन** , चेयरमैन, सनफॉक्स

एक्सीलेंस इन हॉस्पिटेलिटी अवॉर्ड- **सचिन नारंग ,** चैयरमैन, चिलीज़ रेस्त्रां ग्रुप

बेस्ट इन हेल्थ सर्विसेजडॉ. **योगेंद्र सिंह जी,** वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ

उत्तराखंड ऑर्गेनिक अवॉर्ड **विनय कुमार,** एमडी, ऑर्गेनिक बोर्ड उत्तराखंड

एक्सीलेंस इन हेल्थ केयर अवॉर्डसंदीप जैन, अकम्स ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स
**नरेंद्र कुकरेजा,** मस्कट हेल्थ सीरीज
**मनोज विंडलास,** विंडलास बायोटेक
**आरके जैन,** ईस्ट अफ्रीकन ओवरसीज
**अमित गर्ग,** सोल हेल्थ केयर
**राजेन्द्र तलस्यान,** तुलब्रोस फार्मूलेशन

उत्तराखंड आरोग्यं सम्मान **दीपक माहेश्वरी,** माहेश्वरी फार्मास्यूटिकल

इस अवसर पर लोक गायक नरेंद्र सिंह नेगी, मान सिंह, एस एस रावत, अनिल चंदोला सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ नागरिक हमारी धरोहर है : डॉ प्रेम चंद अग्रवाल



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ऋषिकेश, 28 अगस्त। कैबिनेट मंत्री व क्षेत्रीय विधायक डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने वरिष्ठ नागरिक कल्याण संगठन के 25वें स्थापना दिवस पर बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। डा. अग्रवाल ने इस मौके पर संगठन के पदाधिकारियों को रजत जयंती की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में सरस्वती विद्या मंदिर के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गयी। मंत्री डॉ अग्रवाल ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को सम्मानित भी किया।

देहरादून रोड स्थित एक वेडिंग प्वांइट में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल का संगठन के पदाधिकारियों ने ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया। इसके बाद कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री डा. अग्रवाल ने दीप प्रज्जवलित कर किया।डा. अग्रवाल ने सभी वरिष्ठ नागरिकों को नमन करते हुए कहा प्रत्येक घर में बुजुर्गों का होना आवश्यक है। कहा कि जिस प्रकार घर में बुजुर्गों की सलाह और उनके अनुभव से कार्य सार्थक होते है, उसी प्रकार वरिष्ठ नागरिकों का समाज में अतुलनीय योगदान है, डा. अग्रवाल ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक हमारी धरोहर है, उनके विचार हमारे लिए आशीर्वचन का काम करते हैं।डा. अग्रवाल ने संगठन द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को वरिष्ठजनों तक पहुंचाया जा रहा है, उनकी समस्याओं को उचित स्तर तक पहुंचाने में संगठन का कार्य सराहनीय है।डा. अग्रवाल ने कहा कि संगठन मेधावी बच्चों को प्रोत्साहित करने के साथ निर्धन व जरूरतमंद कन्याओं के विवाह में भी सहयोग करता है। उन्होंने संगठन की ओर से कोविड काल के दौरान किए गए कार्यों को भी सराहा।

इस अवसर पर मेयर अनिता ममगाई, जयराम आश्रम के परमाध्यक्ष ब्रह्म स्वरूप ब्रम्हचारी, पूर्व दर्जाधारी सन्दीप गुप्ता, संजय शास्त्री, संरक्षक कमला प्रसाद भट्ट, हरीश ढींगरा, डी डी तिवारी, पूर्व प्रधानाचार्या आईडी जोशी, डीबीपीएस रावत, पूर्व सभासद हरिशानंद, संगठन के अध्यक्ष ब्रह्म कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष अशोक कुमार रस्तोगी, कोषाध्यक्ष पीडी अग्रवाल, महामंत्री नरेश चंद्र भारद्वाज, कार्यक्रम संयोजक प्रमोद कुमार जैन, गुरविंदर सलूजा, कमल राणा, डी के मुदगल, हेम कुमार पांडेय, एम सी त्रिवेदी, अरविंद जैन आदि उपस्थित रहे।



# उत्तराखंड को नशामुक्ति बनाने में जुटी चमोली एसपी श्वेता चौबे





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

गोपेश्वर, 28 अगस्त। मुख्यमंत्री धामी के 'ड्रग्स फ्री देवभूमि' अभियान के तहत जनपद चमोली को नशा मुक्त बनाने के लिए एसपी श्वेता चौबे के नेतृत्व में चमोली पुलिस की नशे के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी है।

नशे के विरुद्ध चमोली पुलिस ने की बड़ी कार्यवाही करते हुए सीमान्त क्षेत्र उर्गम में लगभग 70 नाली भूमि पर अवैध रुप से उगाई गई भांग की खेती को चमोली पुलिस ने नष्ट किया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा वर्ष 2025 तक उत्तराखण्ड प्रदेश को नशामुक्त (ड्रग्स फ्री) बनाये जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक चमोली श्वेता चौबे के निर्देशन में नशा मुक्ति अभियान के तहत चमोली पुलिस को गोपनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि उर्गम क्षेत्र में अवैध भांग की खेती की जा रही है। सूचना पर तत्काल संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक चमोली ने पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन नताशा सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया , जिसमें राजस्व पुलिस कर्मी भी सम्मिलित थे।

पुलिस टीम द्वारा सीमान्त क्षेत्र उर्गम एवं आसपास के गाँव- खाबला, सलना, बड़गिंडा, देवग्राम में लगभग 70 नाली भूमि पर अवैध रुप से की जा रही भाँग की खेती को नष्ट किया गया। इस दौरान पुलिस ने ग्रामीणों को भांग से होने वाले नुकसान की जानकारी दी गयी। भविष्य में अवैध रुप से भाँग का उत्पादन करने पर कार्यवाही करने की हिदायत दी कि कोई भी व्यक्ति भांग की खेती करते हुए पाया गया, तो सख्त कार्यवाही की जायेगी। पुलिस द्वारा ग्रामीणों को नशामुक्ति अभियान में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करने व जहां कही भी क्षेत्र में भांग की खेती व जंगली भांग उगी हो उसे मिलकर नष्ट करने व क्षेत्र के नवयुवकों को चरस एवं गांजे के नशे से दूर रहने हेतु प्रेरित करने की अपील की गई।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा आम जनमानस को लगातार नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरुक करते हुए नशे का कारोबार करने वालों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।उक्त अभियान आगे भी जारी रहेगा।

टीम- 1- सुश्री नताशा सिंह ( पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन) 2- श्री विजय भारती ( प्रभारी निरीक्षक जोशीमठ) 3-उप.नि. विनोद सिंह (कोतवाली जोशीमठ) 4- उप.नि. नवनीत भंडारी ( एस.ओ.जी प्रभारी) 5- राजस्व उपनिरीक्षक विजय सिंह एवं उनके अनुसेवक। 6- आरक्षी चन्दन नागरकोटी (एस.ओ.जी.) 7- आरक्षी मनमोहन भण्डारी ( एस.ओ.जी) एवं थाने के अन्य पुलिसकर्मी व होमगार्ड के जवान।

# डीएम सोनिका ने विकासनगर दौरे में लापरवाही पर कड़े निर्देश दिए

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 28 अगस्त। जिलाधिकारी सोनिका ने तहसील विकासनगर के क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थलों को निरीक्षण किया ।

जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान झाझरा स्थित भूमि के सम्बन्ध में मा0 उच्च न्यायालय तथा शासन के निर्देशानुसार अब तक कार्यवाही न करने तथा अवैध अतिक्रमण पर कार्यवाही अनावश्यक रूप से लम्बित रखे जाने की बात संज्ञान में आयी हैं।

इस मामले में नज़र आ रही लापरवाही को गम्भीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी, विकासनगर का स्पष्टीकरण, तहसीलदार विकासनगर का वेतन रोकने तथा सम्बन्धित पेशकार को प्रतिकूल प्रविष्टि निर्गत किये जाने के आदेश निर्गत किये है। साथ ही उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं सभी क्षेत्रीय कर्मचारियों को आगाह किया गया कि यदि ग्राम समाज की भूमि पर अतिक्रमण पाया जाता है तो सम्बन्धित अधिकारियों / कर्मचारियों का उत्तरदायित्व निर्धारित कर कार्यवाही अमल में ला दी जायेगी।

जिलाधिकारी ने शासकीय भूमि पर कब्जा होने को गंभीरता से लेते हुए भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने जिलाधिकारी कोर्ट से आए भूमि सम्बंधी प्रकरणों की स्थिति की जानकारी लेते हुए उन पर की गई अद्यतन कार्रवाई की स्थिति की जानी। उन्होंने लंबित पड़े दाखिला खारिज के मामलों पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को इस में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वामित्व योजना के अंतर्गत करवाई की स्थिति की जानकारी प्राप्त की तथा उप जिलाधिकारी विकासनगर को व्यक्तिगत रूप से इन प्रकरणों पर कार्रवाई कराने के निर्देश।






उन्होंने तहसील विकासनगर तहसीलदार कोर्ट में लंबित वादों की स्थिति की जानकारी ली वाद लंबित होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए तहसीलदार विकासनगर को सप्ताह में तीन बार कोर्ट लगाकर लंबित वादों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यालय में पत्रावली लंबित रहने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित कार्मिकों को कार्य प्रवृत्ति में सुधार लाने के निर्देश दिए तथा भविष्य में इस प्रकार की शिकायतों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी विभिन्न प्रमाण पत्रों की स्थिति, ई डिसट्रिक्ट केंद्र में प्रमाण पत्र हेतु आवेदन एवं उनके निस्तारण की स्थिति की भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि तहसील से जारी किए जाने वाले विभिन्न प्रमाण पत्रों को निर्धारित समय के भीतर जारी करने के निर्देश।इस दौरान उप जिलाधिकारी विकासनगर विनोद कुमार, तहसीलदार विकासनगर मुकेश चंद रमोला सहित संबंधित कार्मिक उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# कांग्रेस की रेस

कांग्रेस पार्टी के पूर्णकालिक अध्यक्ष की प्रक्रिया आरंभ होने के बीच हिमाचल प्रदेश में आसन्न विधानसभा चुनाव से पूर्व पार्टी के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने राज्य की संचालन समिति के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। पार्टी द्वारा पद दिये जाने पर भी पूरे अधिकार व सम्मान न दिये जाने से आनंद शर्मा आहत थे। उन्होंने सोनिया गांधी को लिखे पत्र में कहा भी कि स्वाभिमान से समझौता नहीं किया जा सकता। इससे पहले जी-23 समूह के अन्य दिग्गज नेता गुलाम नबी आजाद ने भी जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। कहना मुश्किल है कि वे पार्टी में पर्याप्त अधिकार न दिये जाने से क्षुब्ध हैं या फिर बेहद लंबे अनुभव के आधार पर जनता का मूड भांप रहे हैं। बहरहाल, इतना तो तय है कि कांग्रेस पार्टी अपने अंतर्विरोधों से उबर नहीं पा रही है। पिछले कई राज्यों के विधानसभा चुनावों में करारी शिकस्त के बाद उम्मीद थी कि पार्टी वक्त की चाल में ढल कर संगठन में नई ऊर्जा का संचार करेगी, लेकिन ऐसा हो नहीं पाया। बहरहाल, रविवार से पार्टी के पूर्णकालिक अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया आरंभ हो गई। कहा जा रहा है कि बीस सितंबर तक पार्टी को पूर्णकालिक अध्यक्ष मिल जायेगा। अब देखना होगा कि यह अध्यक्ष गांधी परिवार से ही होगा या दौड़ में शामिल कुछ लोगों को भी मौका मिल सकेगा। निस्संदेह, ऐसे वक्त में जब बड़े बहुमत से सत्ता में आई केंद्र सरकार निरंकुश व्यवहार कर रही है, राहुल गांधी विपक्ष की आवाज बनकर उभरे हैं। देश की आंतरिक व बाह्य नीतियों पर जितने साहस व मुखरता से राहुल गांधी अपनी बात रखते हैं, उससे लगता है कि वे जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका निभा रहे हैं। वह भी तब जब सरकारी जांच एजेंसियों के जरिये राहुल गांधी व सोनिया गांधी से प्रत्यक्ष तौर पर घंटों पूछताछ हो चुकी है। यह प्रक्रिया अभी जारी है। निस्संदेह, राहुल गांधी निर्भीक व निडर होकर देश के संवेदनशील व जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों पर अपनी बात रखते हैं। वे मुद्दों पर विरोध व असहमति जताते हैं। लेकिन विपक्षी नेता की भूमिका में उनकी निरंतरता की कमी खलती है। अकसर सुर्खियों में रहता है कि वे अचानक किसी दूसरे देश में पारिवारिक कारणों से या फिर सैर-सपाटे पर निकले हैं। जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका निभाने वाले नेता से उम्मीद की जाती है कि राजनैतिक व्यवहार में निरंतरता रहे। इस भूमिका के निर्वहन के लिये पारिवारिक व निजी कार्यों को पार्श्व में रखकर पार्टी व विपक्ष का मनोबल बढ़ाना प्राथमिक काम होना चाहिए। इससे ही विपक्षी नेता की विश्वसनीयता को गंभीरता से लिया जाता है। ऐसे वक्त में जब कई क्षेत्रीय राजनीतिक दल भाजपा की ए व बी टीम की भूमिका में हैं और कुछ दलों की राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं हिलोरे ले रही हैं तथा कुछ विपक्ष सरकारी जांच एजेंसियों के दबाव में है, राहुल गांधी से दमदार विपक्षी नेतृत्व की उम्मीद की जा रही हैं। पार्टी के पूर्णकालिक अध्यक्ष को लेकर उनकी 'न' व 'हां' से कार्यकर्ताओं में जीत का जज्बा पैदा नहीं हो पाया। राजनीतिक पंडित तो यहां तक कहते हैं कि राहुल गांधी की यह ऊहापोह की राजनीतिक शैली केंद्र में सत्तारूढ़ राजग सरकार को रास आती है। जिससे न केवल राजग अपने राजनीतिक अभियान को गति दे पा रहा है, बल्कि वहीं दूसरी ओर मजबूत विपक्ष को उभरने का मौका भी नहीं दे रहा है। बहरहाल, कांग्रेस अपने आंतरिक द्वंद्व से उबर नहीं पा रही है।

# सुशीला तिवारी अस्पताल में घायलों से मिले सीएम धामी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



हल्द्वानी, 28 अगस्त। सितारगंज सड़क हादसा मामला सुशीला तिवारी अस्पताल जाकर मुख्यमंत्री ने जाना घायलों का हाल।

राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज़ उधम सिंह नगर में हुए सड़क हादसे के घायलों का हाल जानने के लिए सुशीला तिवारी हॉस्पिटल गये, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह घटना बहुत बड़ी हृदय विदारक घटना है, उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी शोक संवेदना प्रकट की है, साथ ही कहा कि जो भी घायल हैं उनका उपचार बेहतर ढंग से हो, इसके लिए जिलाधिकारी नैनीताल और ऊधम सिंह नगर को निर्देशित कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान देने व शोक संतप्त परिजनों को यह अपार कष्ट सहन करने तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। मुख्यमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिजनों को ₹2 लाख, गंभीर रूप से घायलों को ₹50000, सामान्य रूप से घायलों को ₹25000 तथा सभी घायलों के मुफ्त इलाज की घोषणा करता हूं। इस घटना की मजिसट्रियल जांच के आदेश भी दे दिए गए हैं।

वर्तमान में 08 मरीज सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती है जिनका इलाज़ भी चल रहा है।

# पुलिस ने जनपद में वृहद स्तर पर चलाया डोर टू डोर सत्यापन अभियान, की गई चालानी कार्यवाही






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

गोपेश्वर, 28 अगस्त। पुलिस अधीक्षक चमोली श्वेता चौबे द्वारा जनपद के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में डोर टू डोर सत्यापन अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया है।

इस आदेश के अनुपालन में जनपद के समस्त थाना एवं चौकियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में वृहद स्तर पर डोर टू डोर सत्यापन अभियान चलाकर किरायेदारों,फड़-फेरी वालों,मजदूरों, बाहरी व्यक्तियों, संदिग्ध रूप से घूम रहे व्यक्तियों के सत्यापन की कार्रवाई करते हुए कुल 144 व्यक्तियों के सत्यापन किये गए साथ ही 57 मकान मालिकों, एवं ठेकेदारों जिनके द्वारा अपने किरायेदारों व मजदूरों का सत्यापन नहीं कराया गया था उनके विरुद्ध 81/83 पुलिस एक्ट के तहत चलानी कार्रवाई की गई। पुलिस द्वारा लोगों को अपने आसपास किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के संबंध में कोई भी जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को अवगत कराने तथा किरायेदारों का समय से सत्यापन कराने संबंधी निर्देश निर्गत किए गए।

# जल्द लॉन्च किया जाएगा नंदा गौरा योजना का ऑनलाइन पोर्टल : रेखा आर्या

## महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्य ने की अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 28 अगस्त। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में मंत्री रेखा आर्या ने आंगनबाड़ी बहनों की विभिन्न समस्याओं को लेकर अधिकारियों के साथ चर्चा की साथ ही आंगनबाड़ी बहनों द्वारा दिए गए ज्ञापन के ऊपर भी विस्तृत चर्चा की ।मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि आंगनबाड़ी बहनों द्वारा कई बार ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया जाता रहा है कि उन्हें ट्रांसपोर्टेशन के दौरान जो खर्चा आता है वह नहीं मिल पाता है जिस के संबंध में विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि दूध, केला, अंडा के ट्रांसपोर्टेशन में कितना धन व्यय होगा जिसके प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए गए हैं ताकि आंगनबाड़ी बहनों को किसी प्रकार की असुविधा ना होने पाए।

■ **महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग आंगनबाड़ी बहनों और बालिकाओं के हितों के लिए लगातार कर रहा है काम : रेखा आर्या**

कैबिनेट मंत्री ने इस दौरान बताया कि आंगनबाड़ी वर्करों द्वारा समय-समय पर अवगत कराया जाता है कि जो आंगनबाड़ी केंद्र किराए के भवन में चल रहे हैं उनका किराया उन्हें नहीं मिल पाया है तो ऐसे भवनों का किराया जो कि वर्ष 2021-22 का रुका हुआ है वह एक से दो माह में दे दिया जाएगा।

■ **अब 6 माह से 3 वर्ष तक के बच्चों को भी उपलब्ध होगा आंगनबाड़ी केंद्रों में दूध, केला, अंडा,प्रस्ताव लाया जाएगा कैबिनेट में : रेखा आर्या**

वहीं आंगनबाड़ी सहायिकाओं से संबंधित विषय पर बात करते हुए मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्तीयो द्वारा आवेदन के दौरान आयु सीमा में छूट की बात कही जाती रही है जिसे लेकर अधिकारियों को प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने आंगनबाडी कार्यकर्तीयों के मानदेय पर बात करते हुए कहा कि उनके मानदेय की जो चयन प्रक्रिया है इसके निर्धारण हेतु नवीन शासनादेश निकालने जा रहे हैं जिसे की आने वाले समय मे कैबिनेट में लाया जाएगा साथ ही महालक्ष्मी किट के जरिए आंगनबाड़ी बहनों को जोड़ा जाएगा जिस का प्रस्ताव तैयार हो चुका और इसे भी बहुत जल्द कैबिनेट में लाया जाएगा।

महिला एवम बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे दूध,केला,अंडा के विषय पर बताते हुए कहा कि हमारी कोशिश है कि जिस तरह हम 3 वर्ष से 6 वर्ष तक के बच्चों को दूध, केला, अंडा उपलब्ध कराते हैं अब आने वाले समय में यह सुविधा 6 माह से 3 वर्ष तक के बच्चों को भी प्राप्त होगी इसके प्रस्ताव बनाने के भी निर्देश दिए गए हैं ताकि जल्द से जल्द इसे कैबिनेट में लाया जा सके। इसके साथ ही नंदा गौरा योजना का प्रस्ताव जो कि अभी शासन स्तर पर है इसे बनाने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं।

मंत्री रेखा आर्या ने साथ ही कहा कि हम आंगनबाड़ी बहनों को नंदा गौरा योजना से जोड़ने का काम करेंगे और आने वाले समय में नंदा गौरा योजना में पारदर्शिता बनी रहे इसे लेकर विभाग जल्द ही ऑनलाइन पोर्टल शुरू करने जा रहा है और इस पोर्टल के माध्यम से कार्य करने में आसानी होगी जिसका कि जल्द ही अगले माह शुभारंभ कर दिया जाएगा ।

# भीषण आग में स्वाहा हुआ करोड़ों का सामान, 120 गाड़ियों के पानी से भी नहीं पाया जा सका काबू

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

रुद्रपुर, 28 अगस्त। उत्तराखंड में रुद्रपुर सिडकुल की ब्रिटानिया कंपनी में अज्ञात कारणों के चलते शनिवार देर रात भीषण आग लगने से करोड़ों रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया। फायर ब्रिगेड की 12 गाड़ियां आग बुझाने में लगी रहीं, लेकिन रविवार देर शाम तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका है।

गोदाम के काफी भीतर तक आग पहुंचने की वजह से सरकारी और निजी फायर कर्मियों को आग बुझाने की जगह नहीं मिल पा रही है। गनीमत बस इतनी है कि किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। अनुमानित तौर पर कंपनी को करीब 10 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। आग लगने की वजह अब तक पता नहीं चल सकी है।

नैनीताल हाईवे पर सिडकुल चौक के नजदीक स्थित ब्रिटानिया कंपनी में शनिवार रात भीषण आग लग गई। आग कंपनी के गोदाम में लगी, जहां पर बड़ी मात्रा में बिस्कुट, गत्ते और लैमिनेट करने वाली पन्नी रखी थी।

इस दौरान वहां काम कर रहे श्रमिकों में अफरातफरी मच गई। कर्मचारियों ने कंपनी में लगे फायर हाइड्रेंट से आग बुझाने का प्रयास किया और असफल होने पर पंतनगर फायर स्टेशन को सूचना दी गई। इसके अलावा रुद्रपुर, किच्छा, काशीपुर,



सितारगंज और हल्द्वानी फायर स्टेशन से भी गाड़ियां बुलाई गईं। वहीं बजाज, टाटा, हिंदुस्तान जिंक और अशोक लीलैंड कंपनी की दमकल गाड़ियों ने भी आग बुझाने का प्रयास किया।

फायर ब्रिगेड की कुल 12 गाड़ियां रात भर आग बुझाने में लगी रहीं, लेकिन सफलता नहीं मिली। एक गाड़ी खाली होती तो फौरन पानी भरने के लिए रवाना हो जाती। अब तक कुल 120 गाड़ी पानी लग चुका है जबकि कर्मचारियों ने कंपनी में मौजूद चार लाख लीटर से आग बुझाने का प्रयास किया। रात में ही डीएम युगल किशोर पंत, एडीएम ललित नारायण मिश्र, उपजिला एसडीएम प्रत्यूष सिंह, एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी, एसपी सिटी मनोज कत्याल सहित कई अधिकारी पहुंच गए।

12 गाड़ियों को बुलाकर आग बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन अब तक आग पूरी तरह से नहीं बुझ सकी है। आग लगने का कारण भी अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। अनुमानित तौर पर कंपनी को करीब 10 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

# उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में बंदरों का आतंक, स्कूल की कक्षाओं में घुसकर छात्रों पर कर रहे हमला

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



रुद्रप्रयाग, 28 अगस्त। नगर पंचायत ऊखीमठ में बंदरों के आतंक की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। शनिवार को बंदरों का झुंड राइंका ऊखीमठ की एक कक्षा में घुस गया, जिससे वहां छात्रों का शोरशराबा शुरू हो गया। जैसे-तैसे विद्यालय प्रशासन ने वहां से बंदरों को भगाया। पीटीए अध्यक्ष ने क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे बंदरों के आतंक से राहत दिलाने की मांग की है।

नगर पंचायत ऊखीमठ में आए दिन बंदरों के हमले की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे नगरवासी दहशत में जीने को मजबूर हैं। बंदरों के झुंड स्कूली बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गों पर हमले कर रहे हैं, जिससे उनका अकेले निकलना मुश्किल हो गया है।

स्थिति यह है कि बंदर कक्षाओं में घुसकर छात्रों को काटने के लिए भाग रहे हैं। जैसे-तैसे विद्यालय प्रशासन उन्हें भगा रहा है। क्षेत्र में बंदर विद्यालय के रास्तों एवं छतों पर झुंड बनाकर बैठे रहते हैं और आवाजाही करने वालों पर हमले कर रहे हैं। पिछले माह 12 से अधिक व्यक्तियों को बंदर काट चुके हैं। बंदरों के काटने की घटना में कई लोग गंभीर घायल हो चुके हैं लेकिन, नगर पंचायत एवं तहसील प्रशासन कोई कदम नहीं उठा रहा। साथ ही बंदरों के बढ़ते हमलों को देखकर अभिभावक भी काफी परेशान हैं। पीटीए अध्यक्ष संदीप पुष्पवान ने बताया कि क्षेत्र में लगातार बंदरों के काटने की घटनाएं घटित हो रही हैं।

दैनिक
न्यूज वायरस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, मेरठ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक मौ. सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादक :
मौ. सलीम सैफी
कार्यकारी सम्पादक
आशीष तिवारी
दूरभाष : 0135-2672002

email-dainiknewsvirus@gmail.com
RNI No.- UTTHIN/2012/44094

वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा